**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 789**

**26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम**

789. **श्री हरीभाई पटेल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सिकल सेल रोग के कारण, विशेषकर देश की जनजातीय आबादी के बीच उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का समुचित समाधान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया (एससीए) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अगले तीन वर्षो में चालीस वर्ष से कम आयु के 8 करोड़ लोगों की अपेक्षित जांच के लक्ष्य के अंतर्गत कितने जनजातीय लोगों की सिकल सेल एनीमिया के लिए जांच की गई है; और

(ग) लगभग 8 करोड़ जनजातीय लोगों की जांच के उक्त लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रक्त रोग है जो रोगी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। यह भारत की जनजातीय आबादी में अधिक पाया जाता है, लेकिन गैर आदिवासियों में भी हो सकता है। इससे न केवल एनीमिया होता है बल्कि दर्द संकट, विकास में कमी और फेफड़े, हृदय, गुर्दे, आंखें, हड्डियों और मस्तिष्क जैसे कई अंगों पर भी प्रभाव पडता है।

माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 1 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश से सिकल सेल रोग उन्मूलन के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को  शुरू किया गया है। मिशन के उद्देश्यों में सभी सिकल सेल रोगग्रस्त रोगियों के लिए सस्ती और सुलभ देखभाल का प्रावधान, सिकल सेल रोग से पीड़ित रोगियों के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल और जागरूकता सृजन के माध्यम से सिकल सेल रोग के प्रसार में कमी लाना, वर्ष 2025-26 तक आदिवासी क्षेत्रों के प्रभावित 278 जिलों में 0-40 वर्ष के आयु वर्ग के 7 करोड़ लोगों की लक्षित जांच और

केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से परामर्शी सेवाएं प्रदान करना शामिल है। दिनांक 30.06.2024 तक 17 चिन्हित राज्यों में कुल 3,55,50,230 लोगों की जांच की गई है और इसे राज्यों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय सिकल सेल पोर्टल अर्थात् https://sickle.nhm.gov.in का शुभारंभ किया है, जहां जांच (स्क्रीनिंग) की उपलब्धि देखी जा सकती है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के माध्यम से जागरूकता और परामर्श सामग्री का निर्माण किया गया है। रोग, स्क्रीनिंग और प्रबंधन के बारे में जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए आईईसी और मीडिया कार्यकलापों को अपनाया जाता है। राज्य सरकार को मिशन के कार्यकलापों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

*****